## About the Book

Agrawal Examcart के विशेषज्ञों द्वारा समर्पण और सटीकता से तैयार की गई सर्वोत्तम Question Bank पुस्तक आपकी परीक्षा की तैयारी को सटीक और कम समय में पूरी करने में काफी मदद करेगी।

हमने इस Question Bank पुस्तक को संगृहीत करने के लिए अनगिनत प्रयास, कड़ी मेहनत और समय लगाया है। विभिन्न विश्वसनीय माध्यमों से विगत वर्षों के पेपरों को संकलित किया है। प्रत्येक पेपर के प्रश्नों को विषय और अध्याय के अनुसार सावधानीपूर्वक क्रमबद्ध किया गया है। प्रत्येक प्रश्न को निरंतरता से जाँचा गया है ताकि आपको पिछले वर्षों के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों का एक संग्रह प्रदान किया जाए, जो विषयवार, अध्यायवार और सिस्टमेटिक रूप से व्यवस्थित हो।

Question Bank पुस्तक में दिए अध्यायवार प्रश्नों को हल करने से आपको अपने हर अध्याय की तैयारी का सटीक आकलन करने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही चूँकि पिछले प्रश्न अक्सर आगामी परीक्षाओं में दोहराए जाते हैं, इस पुस्तक का गहन अध्ययन करने से आप अच्छे अंक प्राप्त करने की राह पर आगे बढ़ेंगे।

### Other Important Books



Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART Special Edition

SE002

मानसिक अभिरुचि एवं तार्किक तर्कशक्ति QUESTION BANK
ISBN - 978-93-6054-244-3
9789360542443
₹ 239

मानसिक अभिरुचि एवं तार्किक तर्कशक्ति QUESTION BANK By Arun Kumar

SE002

AGRAWAL EXAMCART Special Edition

# उत्तर प्रदेश पुलिस

# मानसिक अभिरुचि एवं तार्किक तर्कशक्ति

# QUESTION BANK

**मुख्य विशेषताएँ**

**23** अध्याय

**2100+** अध्यायवार प्रश्नों का संग्रह (व्याख्यात्मक हल सहित)



इन अद्भुत प्रश्नों के अध्ययन से करें परीक्षा के हर प्रश्न को हल !

भारत की पहली किताब जिसमें पुलिस प्रशासनिक कार्यवाही के प्रश्न हैं।

| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| SE002 | ₹239 | 211 | 978-93-6054-244-3 |

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना | iv |
| **मानसिक अभिरुचि** | **1-53** |
| 1. जनहित/लोकहित वाद | 1-5 |
| 2. कानून एवं शांति व्यवस्था | 6-7 |
| 3. सांप्रदायिक सद्भाव | 8-9 |
| 4. विधि का शासन | 10-13 |
| 5. अनुकूलन क्षमता | 14-15 |
| 6. व्यावसायिक सूचना | 16-17 |
| 7. पुलिस प्रणाली | 18-27 |
| 8. समकालीन पुलिस के मुद्दे | 28-32 |
| 9. पुलिस की व्यावसायिक प्रतिबद्धता | 33-36 |
| 10. पुलिस की व्यवसाय के प्रति रुचि एवं दृढ़ता और अपराध नियंत्रण | 37-42 |
| 11. अल्पसंख्यक एवं वंचित वर्ग के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता | 43-45 |
| 12. लैंगिक संवेदनशीलता | 46-49 |
| 13. विविध | 50-53 |
| **तार्किक तर्कशक्ति** | **1-154** |
| 1. निर्णायक क्षमता | 1-15 |
| 2. गद्यांश एवं अनुमान | 16-28 |
| 3. कथन एवं निष्कर्ष | 29-48 |
| 4. कथन एवं तर्क | 49-71 |
| 5. अभिकथन एवं कारण | 72-76 |
| 6. कारण एवं प्रभाव | 77-87 |
| 7. स्थिति प्रतिक्रिया परीक्षण | 88-98 |
| 8. आँकड़ों की पर्याप्तता | 99-118 |
| 9. कथन एवं कार्यवाहियाँ | 119-131 |
| 10. कथन एवं पूर्वधारणाएँ | 132-154 |

# IMPORTANT INFORMATION!
## (कृपया इसको पढ़ना न भूलें!)


### 1 UP Police Constable परीक्षा से सम्बंधित जानकारी !

UP Police Constable परीक्षा से सम्बंधित सम्पूर्ण up-to-date जानकारी जैसे पाठ्यक्रम, Cut-off, Eligibility Criteria, विगत पेपर्स और आदि को सरल भाषा में पाएं।

UP Police Constable परीक्षा की जानकारी के लिए **QR Code** को **Scan** करें

### 2 Download Free Current Affairs e-book

1 वर्ष की **Current Affairs** पढने के लिए हमारी Website '**www.examcart.in**' पर सामने दिए गये **Download PDF** बटन पर क्लिक करके Current Affairs की **PDF download** कर सकते हैं। इसमें प्रत्येक माह की Current Affairs Update की जाती है |





### 3 ⚠ Outdated पुस्तकों को खरीदने से सावधान !

कई छात्र पुस्तकों की सही जानकारी नहीं होने के कारण outdated पुस्तकों को खरीद लेते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए हमने www.examcart.in वेबसाइट शुरू की है जिस पर सिर्फ latest और updated पुस्तकें ही मिलती हैं। इसलिए किसी भी परीक्षा की पुस्तक को खरीदने से पहले उसको हमारी website पर दी गयी उस परीक्षा की पुस्तक से तुलना करें। वेबसाइट की अन्य महत्वपूर्ण विशेषताएं -

- वेबसाइट पर हर पुस्तक की Sample PDF दी गयी है जिसे पढ़कर आप पुस्तक को खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता को जानें।
- हर पुस्तक के साथ में उस परीक्षा से सम्बंधित सभी जानकारी का blog भी दिया गया है।
- Agrawal Examcart की पुस्तकों पर सभी E-commerce वेबसाइट्स की तुलना में सबसे ज़्यादा discount हमारी वेबसाइट पर मिलेगा।
- Agrawal Examcart की पुस्तकें सुनिश्चित करती हैं कि आपका Exam पहली बार में ही Crack हो जाये।
- वेबसाइट पर पुस्तकों को order एवं track करना काफी आसान है।

www.examcart.in




Exams की पूरी जानकारी के लिए

Sample PDF देखने के लिए

### 4 Whatsapp Helpline: आपकी हर समस्या का समाधान!

आपके पुस्तक खरीदने से लेकर परीक्षा होने तक के सफर में हम आपके सारथी होंगे। इसीलिए Agrawal Examcart Experts ने Whatsapp Helpline सर्विस शुरू की है जिस पर मैसेज करके हमारे experts आपको 24 Working Hours के अंदर जवाब देंगे। इस सर्विस में निम्न सेवाएं उपलब्ध हैं -

- **Error & Doubts:** हमारी किसी भी पुस्तक में यदि आपको कुछ गलत लगे या किसी भी प्रश्न में कोई doubt हो तो आप उसका screenshot पुस्तक के नाम एवं पेज न. के साथ हमें मैसेज करें।
- **Exam info:** परीक्षा से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए हमें मैसेज करें।
- **Preparation strategy:** परीक्षा को प्रथम प्रयास में पास करने की strategy को समझने के लिए हमें मैसेज करें।
- **Website order track:** हमारी वेबसाइट से अपने ऑर्डर की डिलीवरी की जानकारी या आपकी ज़रूरत के अनुसार सबसे बेहतरीन पुस्तक की जानकारी के लिए हमें मैसेज करें।

**Scan QR code to Whatsapp us**

Whatsapp Helpline Number

**+91 8937099777**

**@ExamcartLive**

Scan this code to **Subscribe** our**Youtube Channel**

**examcart_agp**

Scan this code to **follow** our **Instagram page**

अध्याय

1

# जनहित/लोकहित वाद

**1.** जनहित का सामान्य उद्देश्य है—

(A) आर्थिक (B) सामाजिक

(C) राजनैतिक (D) इनमें से कोई नहीं

**2.** भारत के संविधान में जनहित से सम्बन्धित प्रावधान है—

(A) मूल अधिकार (B) प्रस्तावना

(C) मूल कर्तव्य (D) आपात

**3.** किसी वाद में यह कहा गया है कि व्यक्ति में विधिक व्यक्ति शामिल है ?

(A) चिरंजीत लाल *बनाम* भारत संघ

(B) इन री बेरुबारी यूनियन

(C) उपर्युक्त दोनों गलत हैं

(D) उपर्युक्त सभी सही हैं

**4.** उच्चतम न्यायालय समय-समय पर जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सरकार को.........हितों को बढ़ावा देने के लिए निर्देश जारी करती रहती है।

(A) सार्वजनिक

(B) व्यक्तिगत

(C) सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सत्य है?

(A) जनहित का सम्बन्ध मानवीय हितों से नहीं है

(B) भारतीय संविधान में जनहित स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है, परन्तु 'जनहित' के महत्व को समझाते हुए इसमें अभिवृद्धि के लिए व्यापक प्रावधानों का उल्लेख किया गया है

(C) भारतीय संविधान में जनहित स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है

(D) जनहित केवल सामाजिक मुद्दों से ही सम्बन्धित है

**6.** जनहित की अवधारणा निम्नलिखित में से किसको सफल बनाने के लिए आवश्यक है ?

(A) समाज की प्रक्रिया

(B) प्रजातंत्र

(C) लोकहितवाद

(D) ये सभी

**7.** जनहित याचिकाओं से जुड़ी निम्नलिखित घटना को उनके कालक्रम के अनुसार लिखें, सबसे पहले घटित घटना से शुरू करके सबसे अंत में घटित घटना तक।

(a) आपातकाल

(b) एम.सी. मेहता *बनाम* भारत संघ

(c) हुसैन आरा खातून *बनाम* बिहार राज्य

(A) c, a, b (B) a, b, c

(C) c, b, a (D) a, c, b

**8.** उच्चतम न्यायालय का वह कौन-सा अधिवक्ता जनहित याचिकाएँ दायर करने के लिए प्रसिद्ध है, जिनकी याचिकाओं में प्रमुख है अभियुक्त प्रतिनिधियों को सांसद पद से खारिज करना, दूसरी शादी के लिए धर्मान्तरण पर रोक लगाना, इत्यादि?

(A) पुष्पा कपिला हिंगोरानी

(B) लिली थॉमस

(C) जिया मोदी

(D) इंदिरा जय सिंह

**9.** किन्हें ''जनहित याचिकाओं की जननी'' कहा जाता है, जिन्होंने अदालतों में 100 से भी अधिक जनहित याचिकाएँ दायर की हैं, जिनमें प्रमुख हैं प्रख्यात भागलपुर अंखफोड़वा कांड तथा विचाराधीन कैदी मामला?

(A) लिली थॉमस

(B) इंदिरा जयसिंह

(C) पुष्पा कपिला हिंगोरानी

(D) हुसैनारा खातून

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा जनहित याचिका के बारे में सही नहीं है?

(A) हुसैनआरा खातून *बनाम* बिहार राज्य, एक जनहित याचिका मामला था। जिसने कि जेलों की आमनवीय परिस्थितियों पर ध्यान केंद्रित किया। इस मामले के परिणामस्वरूप, सुनवाई के तहत 40,000 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया।

(B) नागरिक *बनाम* असम राज्य।

(C) परमानंद कटारा *बनाम* भारत सरकार, एक जनहित याचिका मामला था। जिसने यह घोषित करने की माँग की कि चिकित्सा पेशे के हर सदस्य का यह एक सर्वोपरि दायित्व है कि हर घायल नागरिक को, किसी भी प्रक्रियागत औपचारिकताओं का इंतजार किए बिना जितनी जल्दी हो सके, चिकित्सा सहायता दें।

(D) एम.सी. मेहता *बनाम* भारत सरकार, एक जनहित याचिका मामला था। जिसने गंगा जल प्रदूषण के मुद्दे का समाधान करने की माँग की।

**11.** गंगा नदी में प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए कौन-सी जनहित याचिका दायर की गई थी?

(A) एस.पी. गुप्ता *बनाम* भारत संघ

(B) बंधुआ मुक्ति मोर्चा *बनाम* भारत संघ

(C) एम.सी. मेहता *बनाम* भारत संघ

(D) परमानंद कटारा *बनाम* भारत संघ

**12.** किसी जनहित याचिका मामले में, न्यायालय द्वारा किसी समिति की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) न्यायालय मामले के लिये एक समिति अथवा आयुक्त को नियुक्त कर सकता है, ताकि वह उस मामले की छानबीन करें और रिपोर्ट जमा करें।

(b) समिति अथवा आयुक्त को ये अधिकार भी दिया जा सकता है, कि वह शिकायतों का संज्ञान ले और उन्हें जनहित में निपटाए।

(A) केवल (a)

(B) केवल (b)

(C) (a) और (b) दोनों ही नहीं

(D) (a) और (b) दोनों

**13.** इंदिरा साहनी निर्णय के रूप में बहुचर्चित जनहित याचिका (पी.आई.एल.) मामले को ऐतिहासिक माना जाता है, क्योंकि.........

(A) इसने 40,000 से अधिक अभियोगाधीन कैदियों की रिहाई का मार्ग प्रशस्त किया।

(B) सरकार ने माना कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा निर्धारित मानदंडों पर अमल किया जाना चाहिए ताकि कैदियों के बुनियादी मानव अधिकारों की पवित्रता का सम्मान किया जा सके।

(C) अदालतों ने सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के औचित्य और जरूरत को स्वीकार किया है।

(D) इसमें सरकार को देश के पर्यावरण में सुधार लाने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया है।

**14.** त्वरित न्याय का अधिकार, जीवन के अधिकार के अन्तर्गत एक मौलिक अधिकार है। सार्वजनिक हित याचिका (पी.आई.एल.) के तहत दायर किये गये किस वाद में यह निर्णित किया गया है?

(A) हुसैनारा खातून *बनाम* बिहार राज्य

(B) एस.पी. गुप्ता *बनाम* भारत संघ
(C) बंधुआ मुक्ति मोर्चा *बनाम* भारत संघ
(D) जनतंत्र के लिए नागरिकों द्वारा *बनाम* असम राज्य

**15.** निम्न में से किन पर जनहित याचिका मामलों के लिए विचार नहीं किया जाता है?
(a) मकान मालिक.किरायेदार मामले।
(b) सेवा मामले, पेंशन और ग्रेच्युटी से संबंधित मामले।
(c) पारिवारिक पेंशन
(A) (a), (b) और (c)
(B) केवल (a)
(C) (a) और (b)
(D) (b) और (c)

**16.** संविधान के कौन-से अनुच्छेद के तहत, मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दायर करके, कोई भी नागरिक किसी सार्वजनिक मुद्दे पर (जनहित अथवा जन कल्याण के उद्देश्य से) न्यायालय जा सकता है?
(A) अनुच्छेद 226 (B) अनुच्छेद 133
(C) अनुच्छेद 32 (D) अनुच्छेद 64

**17.** जनहित याचिका (पी.आई.एल) के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा/से सच है/हैं?
(P) एक पोस्ट कार्ड को रिट याचिका के रूप में माना जा सकता है।
(Q) जनहित याचिका केवल सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में ही दायर की जा सकती है।
(A) केवल (Q)
(B) केवल (P)
(C) (P) और (Q) दोनों
(D) न तो (P) और न ही (Q)

**18.** जनहित याचिका दायर करने के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
(a) यदि जनहित याचिका उच्च न्यायालय में दायर की जाती है, तो उसकी पाँच प्रतिलिपियाँ दर्ज करानी होती हैं।
(b) यदि जनहित याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की जाती है, तो उसकी दो प्रतिलिपियाँ दर्ज करानी होती हैं।
(A) केवल (b)
(B) (a) और (b) दोनों
(C) केवल (a)
(D) (a) और (b) दोनों ही नहीं

**19.** इनमें से कौन-से मामले ऐसे हैं, जिनमें जनहित याचिका दायर की जा सकती है?
(P) जहाँ राज्य की सरकार के भारी ''कर'' लगाने के निर्णय के कारण गरीब लोग प्रभावित होते हैं।
(Q) सड़कों, सीवर आदि को बनाए रखने के लिए।
(R) ट्रैफिक समस्या से बचने के लिए व्यस्त सड़कों से बड़े होर्डिंग और साइनबोर्ड हटाने के लिए।
(A) (P), (Q) और (R) सभी
(B) केवल (Q) और (R)
(C) केवल (P) और (Q)
(D) केवल (P) और (R)

**20.** अगर कोई पत्र-याचिका जनहित याचिका के रूप में दायर होती है, तो इसके लिए ............... के द्वारा आदेश पारित होना चाहिए।
(A) सहायक मजिस्ट्रेट
(B) अपर रजिस्ट्रार
(C) मजिस्ट्रेट
(D) रजिस्ट्रार

**21.** सुप्रीम कोर्ट ने किस कंपनी के खिलाफ उसकी एक कैंसर की दवा की पेटेंट याचिका खारिज करते हुए फैसला दिया, जिससे जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों के लिए सस्ती दवाओं की उपलब्धता को बल मिला।
(A) सन फार्मा (B) सिप्ला
(C) रैनबैक्सी (D) नोवार्टिस

**22.** इनमें से कौन-सी जनहित याचिका के जरिये नसबंदी के लक्ष्य हासिल करने के लिए राज्य द्वारा की गई धांधलियों को उजागर करने के उद्देश्य से आर्थिक मुआवजे, मरीजों की सुरक्षा के निर्देशों, शल्य चिकित्सा के दिशा निर्देशों, इत्यादि की माँग की गई ?
(A) ए.बी.सी. *बनाम* राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली)
(B) आत्मित्र पटेल *बनाम* भारत संघ
(C) श्रेया सिंघल *बनाम* भारत संघ
(D) देविका विश्वास *बनाम* भारत संघ

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जनहित याचिका दाखिल करने के संबंध में सही है ?
(I) जनहित याचिका, केवल एक राज्य या केन्द्र सरकार या नगर निगम के अधिकारियों, आदि के खिलाफ ही दायर की जा सकती है।
(II) "निजी पक्ष" को, "प्रतिवादी" के रूप में, संबंधित राज्य प्राधिकार को एक पक्ष बनाने के बाद जनहित याचिका में शामिल किया जा सकता है।
(A) I और II दोनों में से कोई नहीं
(B) केवल II
(C) केवल I
(D) I और II दोनों

**24.** जनहित याचिका (पी.आई.एल) मामले पर न्यायाधीश निर्णय के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा/से सा है/हैं?
(a) एक जनहित याचिका के परिणामस्वरूप, अदालत ने घोषित किया कि रस्सियों से हथकड़ी लगाना और बाँधना अमानवीय है और मानव अधिकारों का पूर्ण उल्लंघन है।
(b) जनहित याचिका के परिणामस्वरूप, अदालत ने फैसला सुनाया कि किसी भी मामले में (असाधारण मामलों को छोड़कर), एक बच्चे को जेल नहीं भेजा जा सकता है।
(A) केवल (b)
(B) न तो (a) और न ही (b)
(C) (a) और (b) दोनों
(D) केवल (a)

**25.** किसी रिट याचिका को जनहित याचिका के रूप में दायर करने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
(a) रिट याचिका किसी ऐसे प्रश्न से संबंधित होनी चाहिए, जो जनता या लोगों के एक बड़े समूह को प्रभावित करता हो, न कि किसी व्यक्ति विशेष को।
(b) केवल प्रभावित/पीड़ित व्यक्ति ही याचिका दायर कर सकता है।
(A) (a) और (b) दोनों
(B) केवल (a)
(C) केवल (b)
(D) (a) और (b) दोनों ही नहीं

**26.** सर्वोच्च न्यायालय में हाल ही में दायर जनहित याचिकाओं के संबंध में निम्न में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(P) जे.सी. सेठ और जी.एल. टंडन दायर याचिकाओं को अदालत ने स्वीकार किया और सरकार से स्कूलों में योग को अनिवार्य बनाने को कहा।
(Q) एक जनहित याचिका के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान पर आयकर छूट पर पुनर्विचार करने की सलाह दी।
(A) (P) और (Q) दोनों नहीं
(B) केवल (Q)
(C) केवल (P)
(D) (P) और (Q) दोनों

**27.** जनहित याचिका को किस जनक्षति के संदर्भ में दायर किया जाता है?
(A) जन कर्त्तव्यों के उल्लंघन से सम्बन्धित क्षति।
(B) संविधान के प्रावधानों के उल्लंघन से हुई जनक्षति।

(C) कानून के उल्लंघन से हुई जनक्षति।

(D) उपर्युक्त सभी।

**28.** एक पुलिस अधिकारी के रूप में आप एक ऐसी परिस्थिति में स्वयं को पाते हैं, जहाँ एक ओर तो' जनहित' के प्रभावित होने का प्रश्न है, वहीं दूसरी ओर कानून का अनुपालन खतरे में है। ऐसे में आपके द्वारा की जाने वाली तर्कसंगत कार्रवाही होगी-

(A) बिना जनहित की परवाह किए केवल कानून के अनुपालन पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे।

(B) जनहित के लिए कानून की अवहेलना को नजरअंदाज करेंगे।

(C) कानून की रक्षा के लिए अगर सख्ती भी करनी पड़े, तो करेंगे।

(D) पूरे मुद्दे की गहराई से जाँच कर मध्यमार्ग तलाश करेंगे, जहाँ जनहित को न्यूनतम प्रभावित करते हुए कानून की रक्षा की जा सके।

**29.** जनहित का संबंध सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ मानवीय हितों से भी है। सामाजिक हितों की बहाली के लिए कानून और दंड-व्यवस्था का सहारा भी लेना पड़ता है, ऐसे में प्रथम प्रहरी के रूप में पुलिस को-

(A) अधिक सचेत तथा संवेदनशील भूमिका निभानी पड़ती है।

(B) अधिकाधिक अपराधियों के लिए दंड सुनिश्चित करना होता है।

(C) केवल सामाजिक सुरक्षा के लिए ही कार्य करना होता है।

(D) अधिकाधिक चालान तथा जुर्माना वसूलना होता है।

**30.** पुलिस व्यवस्था को आधुनिक, सक्षम और व्यवहार कुशल होना चाहिए। ऐसे में वह कौन - सा व्यवहार होगा, जो उपरोक्त कथन को वास्तविकता में बदलने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ?

(A) पुलिस की भर्ती के नियमों को और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाया जाए।

(B) पुलिस ट्रेनिंग के दौरान अत्याधुनिक हथियारों की ट्रेनिंग के लिए विदेशी विशेषज्ञों की सहायता ली जाए।

(C) पारदर्शी और प्रभावी प्रणाली से भर्ती पुलिसकर्मियों के लिए ट्रेनिंग सेण्टर्स का आधुनिकीकरण किया जाए।

(D) प्रत्येक पुलिसकर्मी को हथियार के साथ . साथ लैपटॉप भी दिया जाए।

**31.** 'पुलिस के लिए जनहित' से निम्नलिखित में से क्या परिलक्षित होता है ?

(A) भारत में वर्ष 1970 के उत्तरार्द्ध में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी.एन. भगवती द्वारा शुरू की गई' जनहित याचिका प्रणाली की रक्षा करना।

(B) उन सभी मुद्दों और संदर्भों की रक्षा करना, जिनका संबंध जनता के व्यापक हितों से हो।

(C) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित समाजवादी और पंथनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में भारत की रक्षा करना।

(D) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'जनहित' के मुद्दों पर जितने भी निर्णय लिए गए हैं, उन सभी के अनुपालन को सुनिश्चित करना।

**32.** बहुधा यह देखा गया है कि देश के आर्थिक विकास से संबंधित निर्णयों में गरीबों, शोषितों तथा उपेक्षित समूहों के हित प्रभावित हो जाते हैं। ऐसे में एक पुलिस अधिकारी के रूप में आपका कर्तव्य है-

(A) अपने कार्य और अधिकार क्षेत्र की सीमा पहचानते हुए' कानून और व्यवस्था' पर ध्यान केंद्रित रखें।

(B) गरीबों, शोषितों तथा उपेक्षित समूहों के हक के लिए आवाज उठाएँ।

(C) ऐसी योजनाओं पर कानूनी अंकुश लगाएँ, जो गरीब विरोधी हों।

(D) उपेक्षित वर्गों को संरक्षण प्रदान करें।

**33.** पुलिसकर्मी की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी नहीं है-

(A) जनता के संवैधानिक ध वैधानिक अधिकारों की रक्षा करना।

(B) जनता में पुलिस की छवि को लगातार बेहतर बनाते रहना।

(C) महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कराना।

(D) आर्थिक विकास होता रहे यह सुनिश्चित करना।

**34.** जनहित के संबंध में कौन - सा कथन सही है ?

(A) बहुसंख्यकों का हित ही जनहित होता है।

(B) नौकरशाही ही जनहित को सबसे बेहतर समझती है।

(C) अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण करने को उनका तुष्टिकरण कहा जाना चाहिए।

(D) जनहित को लोकहित या सार्वजनिक हित भी कहा जाता है।

**35.** निम्नलिखित में से किस प्रकार का कार्य ध व्यवहार करने से जनहित की पूर्ति होती है ?

(A) एक पुरुष पुलिसकर्मी द्वारा अपनी महिला सहकर्मियों के साथ लैंगिक रूप से संवेदनशील व्यवहार करने से।

(B) एक पुलिसकर्मी द्वारा निरंतर सीखकर अपने कौशल का विकास किये जाने से।

(C) एक पुलिसकर्मी द्वारा अपने अच्छे और कुशलतापूर्ण व्यवहार के द्वारा जनता में पुलिस की छवि को बेहतर करने के प्रयासों से।

(D) जनहित एक व्यापक संकल्पना है। एक पुलिसकर्मी द्वारा उपरोक्त सभी कार्य किये जाने से जनहित की पूर्ति होती है।

## व्याख्यात्मक हल

**1.** (B) **2.** (A) **3.** (A) **4.** (A) **5.** (B) **6.** (D)

**7.** (D) जनहित याचिका से सम्बन्धित घटनाओं के कालक्रम निम्नवत् हैं—

(a) आपातकाल (1975)

(c) हुसैन आरा खातून *बनाम* बिहार राज्य (1979)

(b) एम.सी. मेहता *बनाम* भारत संघ (1986)

**8.** (A) उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा कपिला हिंगोरानी जनहित याचिका दायर करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अभियुक्त प्रतिनिधियों को सांसद पद से खारिज करना तथा दूसरी शादी के लिए धर्मान्तरण पर रोक लगाना इत्यादि। इनकी प्रमुख याचिकाएँ हैं।

**9.** (C) पुष्पा कपिला हिंगोरानी को ''जनहित याचिका की जननी'' कहा जाता है। इन्होंने अदालतों में 100 से भी अधिक जनहित याचिकायें दायर की गयी हैं और प्रख्यात भागलपुर अंखफोड़वा कांड तथा विचाराधीन कैदी मामला इनकी प्रमुख याचिकाएँ हैं। वर्ष 2013 में इनकी मृत्यु हो गई।

**10.**(B) जनहित याचिका के बारे में निम्न कथन सही नहीं है—
लोकतंत्र के लिए नागरिक *बनाम* असम राज्य, एक जनहित याचिका मामला था। जिसमें जीवन के अधिकार के तहत 'त्वरित न्याय के अधिकार' की एक मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी करने की माँग की है।

**11.** (C) एम.सी. मेहता *बनाम* भारत संघ याचिका का संबंध गंगा नदी में प्रदूषण की समस्या के समाधान से है। जनहित याचिका का विचार सर्वप्रथम अमेरिका में आया तथा वहाँ पर इसे 'सामाजिक कार्यवाही' याचिका के नाम से जाना जाता है। भारत में जनहित याचिका पी.एन भगवती ने प्रारम्भ की थी। ये याचिकाएँ लोक हित भावना पर कार्य करती हैं। ये ऐसे न्यायिक उपकरण हैं जिनका लक्ष्य

जनहित प्राप्त करना तथा तीव्र एवं सस्ता न्याय एक आम आदमी को दिलवाना है।

**12.**(D) किसी जनहित याचिका मामले में, न्यायालय द्वारा किसी समिति की नियुक्ति के सन्दर्भ में न्यायालय मामले के लिए एक समिति अथवा आयुक्त को नियुक्त कर सकता है, ऐसा इसलिये किया जा सकता है—ताकि वह उस मामले की छानबीन करे और रिपोर्ट जमा करे। साथ ही साथ समिति अथवा आयुक्त को ये अधिकार भी दिया जा सकता है कि वह शिकायतों का संज्ञान ले और उन्हें जनहित में निपटाए।

**13.** (C) वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस को ''मण्डल विवाद पर फैसले के रूप में जाना जाता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़ापन की कसौटी बना दी थी। साथ ही इसे तय करने के लिए एक नई व स्वतंत्र संस्था 'राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग' के निर्माण का आदेश भी दिया था। ज्ञात हो कि उसके बाद से आरक्षण के मामले की सिफारिश इसी संस्था के जरिये होती है। इसी केस में अदालतों ने सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के औचित्य और जरूरत को स्वीकार किया।

**14.** (A) ''तात्कालिक न्याय का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, जो जीवन के अधिकार के अन्तर्गत आता है।'' यह हुसैनारा खातून *बनाम* बिहार राज्य मामले में निर्णित किया गया था। यह जीवन का अधिकार अनुच्छेद-21 के तहत दिया गया है। यह स्वतंत्रता के अधिकार का ही एक भाग है।

**15.**(A) भारत में जनहित याचिका (PIL-Public Interest Litignation) की शुरुआत भारत के मुख्य न्यायाधीश पी.एन. भगवती ने की थी, इसलिये इन्हें भारत में जनहित याचिका का जनक कहा जाता है। पी.आई.एल. को 'रूल ऑफ लॉ' भी कहा गया है। जनहित याचिका राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार, म्युनिसिपल अथॉरिटी इत्यादि के विरुद्ध दायर की जा सकती है। जनहित याचिका किसी व्यक्ति विशेष, के खिलाफ नहीं दायर की जा सकती है। न्यायालय द्वारा इस बात का निर्णय लिया जाता है कि कोई याचिका जनहित याचिका है या नहीं है।

**16.**(A) संविधान के अनु. 32 के तहत कोई भी नागरिक किसी सार्वजनिक मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय में वाद दायर कर सकता है, परंतु यदि प्रकरण किसी मौलिक अधिकार के उल्लंघन से सम्बन्धित है तो अनु. 32 के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय (226) में याचिका प्रस्तुत की जा सकती है। किसी सामान्य अधिकार के उल्लघंन होने पर याचिका सम्बन्धित राज्य के उच्च न्यायालय में भी दायर की जा सकती है। अनु. 226 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय किसी जनहित व मूलाधिकार से संबंधित मुद्दे पर, अधीनस्थ न्यायालय में मजिस्ट्रेट की अदालत को समाधान हेतु निर्देशित कर सकता है।

**17.**(C) जनहित याचिका कानूनी तरीके से सामाजिक परिवर्तन को प्रभावी बनाने का एक ऐसा तरीका है, जिसका उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए न्यायपालिका तक पहुँच प्रदान करना है। इसकी उत्पत्ति सर्वप्रथम अमेरिका में हुई तथा भारत में जनहित याचिका को पी.एन. भगवती ने प्रारम्भ किया था। यह सामान्य अदालती याचिकाओं से अलग है, क्योंकि इसमें यह आवश्यक नहीं कि पीड़ित पक्ष स्वयं अदालत में जाए। यह किसी भी नागरिक या स्वयं न्यायालय द्वारा पीड़ितों के पक्ष में दायर किया जा सकता है। ज्ञात हो कि कोर्ट को दिया गया पोस्ट कार्ड भी रिट याचिका मान कर ये जारी की जा सकती है तथा यह सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों में दायर किया जा सकता है।

**18.**(D) उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका दायर करने के लिए याचिका की दो प्रतियाँ जमा (दाखिल) करनी होती हैं, परन्तु यदि सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाती है, तो याचिका की पाँच प्रतियाँ जमा की जाती है। प्रतिवादी को याचिका की प्रति केवल तभी भेजी जाती है, जब न्यायालय के द्वारा इसके लिए नोटिस दीया जाता है।

**19.**(A) यदि राज्य सरकार के भारी "कर" लगाने के निर्णयों के कारण गरीब लोग प्रभावित होते हैं, या (b) सड़क, सीवर आदि को बनाये रखने के लिए या (c) ट्रैफिक समस्या से बचने के लिए व्यस्त सड़कों से बड़े होर्डिंग और साइबोर्ड हटाने आदि के संदर्भ में भारतीय संविधान के अनु. 32 व 226 के अन्तर्गत क्रमशः उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जा सकती है।

**20.** (D) अगर कोई पत्र-याचिका जनहित याचिका के रूप में दायर होती है, तो इसके लिए रजिस्ट्रार के द्वारा आदेश पारित होना चाहिए। जनहित याचिका जिसे संक्षेप में PIL (पी.आई.एल.) कहते हैं।

**21.**(D) जीवन के लिये खतरनाक बीमारियों के लिये सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने स्विट्जरलैंड की दवा कंपनी 'नोवार्टिस' के खिलाफ उसकी ब्लड कैंसर की दवा (ग्लिवेक) की पेटेंट याचिका खारिज करते हुए फैसला दिया था।

**22.**(D) सामाजिक कार्यकर्त्ता देविका विश्वास *बनाम* भारत संघ की जनहित याचिका के जरिये नसबंदी के लक्ष्य हासिल करने के लिए राज्य द्वारा की गई कई धांधलियों को उजागर करने के उद्देश्य से आर्थिक मुआवजे, मरीजों की सुरक्षा के निर्देश शल्य चिकित्सा के दिशा निर्देशों इत्यादि की माँग की गई। प्रश्न में वर्णित (ए.बी. सी. *बनाम* राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) (NCT)-ईसाई महिला विवाह से संबंधित है। जबकि आल्मित्र पटेल *बनाम* भारत संघ-ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित है। ध्यान रहे कि श्रेया सिंघल *बनाम* भारत संघ-इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से संबंधित है।

**23.**(A) भारत में जनहित याचिका के जनक पी. एन. भगवती हैं। जनहित का अर्थ होता है, जनता का हित। जनहित याचिका तभी होती है जब उस मामले में 'जनता का हित' हो नहीं तो वह जनहित याचिका नहीं कहलाती। जनहित याचिका सार्वजनिक मुद्दा के विषय से संबंधित होने पर ही जनहित याचिका सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय में दायर की जाती है। जनहित याचिका दायर करने वाले को अदालत को यह बताना होता है कि कैसे उस मामले में आम लोगों का हित प्रभावित हो रहा है।

**24.**(C) जनहित याचिका के माध्यम से अदालत ने घोषित किया कि हथकड़ी लगाना और रस्सियों से बाँधना अमानवीय है और मानव अधिकारों का पूर्ण उल्लंघन है। जनहित याचिका के परिणामस्वरूप अदालत ने फैसला सुनाया कि किसी भी मामले में (असाधारण मामलों को छोड़कर) एक बच्चे को जेल नहीं भेजा जा सकता है।

**25.**(B) जनहित याचिका एक ऐसी रिट याचिका है, जो किसी ऐसे प्रश्न से संबंधित है जो जनता या लोगों के एक बड़े समूह को प्रभावित करता है न कि किसी विशेष व्यक्ति को।

**26.**(B) अगस्त, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय ने सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिये योग की अनिवार्यता

की माँग वाली एडवोकेट अश्वनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका को खारिज कर दिया था। इसके अतिरिक्त जनवरी, 2017 में मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर और न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की पीठ ने सरकार को राजनीतिक दलों के दिये जाने वाले दान पर आयकर का छूट के मामले में पुर्नविचार के लिए कहा था।

**27.**(D) जनहित याचिका जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ, शोषण, पर्यावरण, बालश्रम, महिलाओं का शोषण, जनकर्त्तव्यों के उल्लंघन से क्षति, संविधान के प्रावधानों के उल्लंघन से क्षति एवं कानून के उल्लंघन से क्षति आदि विषयों पर जनक्षति के संदर्भ में दायर की जा सकती है।

**28.** (D) **29.** (A) **30.** (C) **31.** (B) **32.** (A) **33.** (D) **34.** (D) **35.** (D)

❑❑